
राजनेता
और
उसकी बिल्ली

# राजनेता और बिल्ली

अपने ग्रेजुएशन समारोह के बाद राजनीति का वो छात्र सस्ती शराब और मन में भविष्य की उम्मीद लेकर गर्व के साथ बाहर निकला।

नेथन ने सोचा, *मेरे पास बड़ी योजनाएं हैं। मेरे पास वो सबकुछ होगा जिसका लोग सपना देखते हैं – पैसे और ताकत।*

घर आने के बाद वो अपने बिस्तर पर लेट गया। नेथन की बिल्ली भी आकर उसके पेट के पास सिमटकर बैठ गई, जो कभी बेघर हुआ करती थी।

नेथन ने प्यार से अपनी बिल्ली का सिर सहलाया, जिसके जवाब में उसने ज़ोर से प्यारी सी आवाज़ निकाली और बिल्कुल गेंद की तरह सिकुड़कर बैठ गई। "*एक दिन हमारे पास वो सब होगा जिसकी हमें ज़रुरत है,*" नेथन ने अपनी रोएंदार साथी से कहा। '*मैं इस घर पर एक और मंज़िल बनवाऊंगा, और उसे सुंदर फर्नीचर और तुम्हारे लिए खिलौनों से भर दूंगा।*'

बिल्ली नेथन के शब्दों को नहीं समझ पायी, लेकिन उसने नेथन की आत्मा की ख़ूबसूरती को महसूस किया और उसकी आवाज़ का जवाब दिया। उसने सोचा, *मेरी ज़िन्दगी बहुत आरामदायक है और मुझे कोई इतना प्यार करने वाला है,* उसके बाद, वो सो गई।

चार साल बाद नेथन को डिप्टी मेयर के तौर पर चुना गया। उस रात, उसने ढेर सारी अच्छी शराब पी और लॉबस्टर खाया, और फिर उद्घाटन समारोह से निकल आया। उसने सोचा, *मैं सामाजिक सीढ़ी पर ऊपर चढ़ रहा हूँ। एक दिन मैं शिखर पर पहुंचूंगा!*

अपने नए-नवेले घर आने के बाद वो अपने गद्दे पर लेट गया। उसकी प्यारी बिल्ली भी आकर उसकी गर्दन के पास बैठ गई।

नेथन ने प्यार से अपनी बिल्ली को सहलाया। '*मुझे पता है तुम्हें हमारी पहली मंज़िल बहुत पसंद है,*' उसने अपनी रोएंदार दोस्त से कहा। '*इन खिड़कियों से तुम सारी पक्षियों को देख सकती हो, और तुम्हारे पास खेलने के लिए ढेर सारे खिलौने हैं।*'

बिल्ली ने नेथन के दिल की ख़ूबसूरती को महसूस करके उसकी बार-बार इस्तेमाल की गई आवाज़ की कर्कश ध्वनि का जवाब दिया। उसने सोचा , *मेरी ज़िन्दगी बहुत आरामदायक है और मुझे कोई इतना प्यार करने वाला है,* उसके थोड़ी देर बाद वो सो गई।

कई सालों बाद नेथन ने मेयर के रूप में अपने चुनाव का जश्न मनाया और लिमोसिन में अपने ड्राइवर के साथ बैठकर घर आ गया। उसने ढेर सारी शराब पी रखी थी, और उसके फेफड़े सिगार के धुएं से भर गए थे। उसने सोचा, *मैं शिखर पर पहुंच चुका हूँ। मैं इस शहर का सबसे ताकतवर इंसान हूँ!*

दसवीं मंज़िल पर अपने पेंटहाउस में जाकर वो बिस्तर पर पड़ गया, जो कीमती सामानों और शानदार पेंटिंग से घिरा हुआ था। थोड़ी देर बाद उसकी बिल्ली भी उसके सीने के पास सिमटकर बैठ गई।

नेथन ने अपनी रोएंदार साथी को सहलाते हुए खाँसना और ज़ोर-ज़ोर से सांस लेना शुरू कर दिया, और अंत में कहा, '*तुम इन खिड़कियों से सैकड़ों मील तक हर पहाड़ को देख सकती हो; मुझे पता है कि तुम्हें ये नज़ारें बहुत पसंद हैं।*'

लेकिन नेथन के पास लेटने पर, बिल्ली को समझ आ गया था कि कुछ गड़बड़ है। नेथन को दिल का दौरा पड़ा था।

और थोड़ी ही देर में, उसका चेहरा सफ़ेद पड़ गया और वो ठीक से सांस भी नहीं ले पा रहा था।

अपनी मौत का एहसास होने पर, नेथन ने प्रार्थना करनी शुरू कर दी, और ईश्वर से अपना स्वास्थ्य अच्छा होने की भीख मांगने लगा। लेकिन ईश्वर ने नए मेयर की विनती नहीं सुनी, और उसके सीने का दर्द और बढ़ता ही जा रहा था।

*मुझे सांस नहीं आ रही!* नेथन ने तड़पते हुए कहा। *मैं मर रहा हूँ!*

नेथन की बिल्ली ने अपनी मूंछों से उसकी गर्दन को सहलाया, और प्यार से उसका चेहरा चाटने लगी। नेथन ने अपनी बिल्ली का अपार प्रेम महसूस किया और जब उसे लगा कि अब कोई उम्मीद नहीं बची तो उसने उसे सांत्वना देनी शुरू कर दी। *मैं बस इस प्यारी दयालुता के कार्य को बढ़ाने के लिए अपना करियर, अपना घर और अपनी सारी संपत्ति देने को तैयार हूँ।* और जैसे ही नेथन ने अपनी आखिरी सांस ली,

उसकी चेतना में एक बदलाव आया जिससे उस अंतिम क्षण में उसे सब कुछ सही लगने लगा, और उसे अपनी आत्मा की ख़ूबसूरती का एहसास हुआ।

नेथन ने सोचा, *मैं बहुत आराम से हूँ और मुझे कोई इतना प्यार करने वाला है, और थोड़ी देर बाद उसके प्राण पखेरू उड़ गए।*

– समाप्त –

© Ross Dadds